दिन– सोमवार दिनांक– 22 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. जीएसटी की नई दरें आज से देशभर में लागू। जरूरत के सामान सस्ते हुए। सभी वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखा। कहा– बचत उत्सव से लोगों का सपना हुआ साकार।

03. चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान काले धन के इस्तेमाल पर नजर रखने के लिए तेईस नोडल अधिकारियों की तैनाती की।

04. और, कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र की हुई शुरूआत। प्रदेश के सभी प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

---

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने कर प्रणाली को सरल बना दिया है। अब केवल दो दरें पांच और अठारह प्रतिशत हो गई है। यह कदम विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को सीधा लाभ दिए जाने के उद्‌देश्य से उठाया गया है। एक रिपोर्ट

———बाइट———

जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में करों में बड़ी कटौती कर आम आदमी को राहत दी है। सरकार ने 7,500 रुपये प्रतिदिन से कम किराए वाले होटल में जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इससे मध्यम वर्गीय परिवारों और यात्रियों के लिए यात्रा अधिक किफायती हो जाएगी और इसके साथ ही मध्यम श्रेणी के होटलों, होमस्टे और गेस्टहाउस में भी नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इन सुधारों में कला और सांस्कृतिक सामग्रियों पर भी जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत किया गया है। छोटी मूर्तियों, मूल नक्काशियों, प्रिंट, शिलामुद्रण, जेवराती वस्तुओं, प्रस्तर कला के सामान आदि पर लगने वाले जीएसटी को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति और शिल्पकारी को बढ़ावा मिलेगा तथा विरासत अर्थव्यवस्था को आधुनिक बाजारों से जोड़ा जा सकेगा। छात्रों और परिवारों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने स्टेशनरी वस्तुएं जैसे नोटबुक, ग्राफ बुक, शार्पनर और पेंसिल को शून्य–कर श्रेणी में ला दिया है, जिससे वे और अधिक किफायती हो गई हैं। जीएसटी में कटौती से आम लोगों, खासकर मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ कम होगा और उनकी बचत में इज़ाफ़ा होगा। दृष्टि और शिवांग के साथ, सक़लैन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों को अर्थव्यवस्था के एक नए युग की शुरूआत बताया है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। श्री मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी और स्वदेशी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशवासियों के नाम खुला पत्र भी लिखा। श्री मोदी ने पत्र में लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी और जीएसटी बचत उत्सव में शामिल होने की लोगों से अपील की। श्री मोदी ने कहा कि जब भी आप अपने देश के कारिगरों, श्रमिकों और छोटे उद्यमों के बनाए सामान खरीदते हैं तो आप कई परिवारों की रोजी–रोटी में मदद करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब रोजमर्रा की जरूरी चीजे सस्ती होगी और इससे सभी वर्ग के लोगों का सपना साकार होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीएसटी दरों में कटौती और सुधार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। श्री कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम लोगों को बड़ी राहत होगी। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की इस्तमाल की चीजें सस्ती होने से बाजार में भी रौनक आएगी।

———————————————————————

जीएसटी सुधारों के तहत नई दरे लागू होने का सभी वर्गों ने स्वागत किया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विणी वैष्णव ने जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि आज सुबह से ही देशभर मे खुशी की लहर है। श्री वैष्णव ने कहा कि आज केवल विपक्षी दलों का छोटा समूह खुश नही है क्योंकि उन्हें ऐसे सुधारों का अनुभव नही है।

———बाइ———

केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दृष्टिकोण में हमेशा गरीबों और मध्यम वर्ग शामिल रहा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि यह सुधार आम आदमी के जीवन को बहुत आसान बना देंगे।

———बाइट———

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में जीएसटी बचत उत्सव मनाने का काम आज से शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि हम यह भी जांच करेंगे की कीमतों में कटौती का लाभ लोगों को मिल रहा है कि नही।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दो सौ से अधिक आम उपयोग की वस्तुएं आज से सस्ती हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके लिए अभिनंदन के पात्र।

———बाइट———

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि जीएसटी सुधारों की घोषणा से हर तरफ खुशहाली का माहौल है।

———बाइट———

---

चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान काले धन के प्रयोग को रोकने के लिए तेईस नोडल अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि इनमें ईडी, आयकर, बिहार पुलिस समेत केन्द्र और राज्य सरकार की एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। श्री गुंजियाल ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद–फरोख्त की निगरानी के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में शराब के इस्तेमाल रोकने के लिए मद्य–निषेध विभाग के नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

---

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला श्सेवा पर्वश में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने किफायती आवास और शहरी कनेक्टिविटी को मज़बूत किया है और देश भर के शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

भारत में मेट्रो अब केवल परिवहन का साधन ही नहीं रह गई है। यह महत्वाकांक्षा, नवाचार और टिकाऊ शहरी जीवन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर भारत की विकास गाथा के केंद्र में एक जीवन रेखा बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है, जो शहरी परिवहन विस्तार में इसकी तीव्र प्रगति को दर्शाता है। इस महीने कोलकाता में मेट्रो रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 2014 से पहले देश में केवल 250 किलोमीटर मेट्रो रूट थे। *2014 से पहले देश में सिर्फ 250 किलोमीटर ही मेट्रो रूट था। आज देश में मेट्रो रूट 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा का हो गया है। यह सारे काम इज ऑफ ट्रैवल को बढ़ाने वाले हैं ताकि 21वीं सदी के भारत को 21वीं सदी के ट्रांसपोर्ट सिस्टम की भी जरूरत है।* शहरी क्षेत्रों में, सरकार गुणवत्तापूर्ण आवास तक पहुँच के साथ प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित कर रही है। पिछले 11 वर्षों में, सरकार ने शहरी क्षेत्रों में किफायती आवास उपलब्ध कराए हैं। गुजरात के वडोदरा की कमला ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घर मिलने पर खुशी जताई। यात्रियों को मेट्रो सुविधाएँ प्रदान करने से लेकर लोगों को आवास आवंटित करने तक, सरकार शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार ला रही है और जीवन को सुगम बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा कर रही है। समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग माध्यमिक शिक्षकों के लिए एसटीईटी परीक्षा का आयोजन बारह अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक करेगा। शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती के चौथे चरण–टीआरई फोर के तहत छब्बीस हजार से अधिक पदों पर बहाली की जायेगी।

———बाइट———

———————————————————————————

शक्ति स्वरूपा देवी दुर्गा की आराधना का अनुष्ठान शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गया है।

———म्यूजिक———

अनुष्ठान के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैल पुत्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। नवरात्र को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भक्तिमय माहौल बन गया है। विभिन्न सार्वजनिक पूजा समितियों की ओर से प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि

प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, गोपालगंज के थावे मंदिर, सारण के दिघवारा स्थित आमी मंदिर, आरा के अरण्य देवी मंदिर, सासाराम स्थित तारापीठ, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर और खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

कलश स्थापना और पूजन के लिए विभिन्न पूजा पंडालों के साथ ही मंदिरों और घरों में भी तैयारी की जा रही है। पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए बाजार में रौनक देखी जा रही है। इधर, प्रत्येक जिले में प्रशासन ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित पूजा के लिए व्यापक व्यवस्था की है। विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती गयी है।

–––म्यूजिक–––

---

01. जीएसटी की नई दरें आज से देशभर में लागू। जरूरत के सामान सस्ते हुए। सभी वर्ग के लोगों ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।
02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखा। कहा– बचत उत्सव से लोगों का सपना हुआ साकार।
03. चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान काले धन के इस्तेमाल पर नजर रखने के लिए तेईस नोडल अधिकारियों की तैनाती की।
04. और, कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र की हुई शुरूआत। प्रदेश के सभी प्रसिद्ध शक्तिपीठों पर पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

---

समाप्त